बिहार सरकार

बिहार सरकार
कार्यालय, महाप्रबंधक,
जिला उद्योग केन्द्र, मुंगेर।

मो0 नं0–7320923246

ई0मेल–gmdicmunger78@gmail.com

लाभार्थी का नामः– बब्बन कुमार
परियोजना– रेडिमेड गारमेंट निर्माण
इकाई का नाम– A. T. GARMENTS
आवेदन संख्या– CMEBC20218178048086

मुंगेर जिला के हवेली खड़गपुर प्रखण्ड अंतर्गत विजलपुर ग्राम के निवासी श्री बब्बन कुमार राज्य के बाहर दिल्ली में रेडिमेड गारमेंटस के क्षेत्र में कार्य करते थे। लॉकडाउन के समय कोविड प्रोटोकॉल की पालन की वाध्यता में घर आने को मजबूर हो गये थे। इंटरनेट/समाचार पत्रों के माध्यम से मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के विषय में इन्हें जानकारी प्राप्त हुई तो इन्होनें वर्ष 2021 में रेडीमेड गारमेंट परियोजना हेतु आवेदन किया। विभागीय चयन समिति द्वारा चयनोपरान्त श्री कुमार को 10 लाख रूपये की वित्तीय सहायता प्राप्त हुई।

इन्होनें पूर्ण समर्पण के साथ इकाई का शेड निर्माण कर रेडिमेड गारमेंट की मशीन/उपकरण की स्थापना कर कारोवार को आगे बढ़ाया। वर्तमान में इनके इकाई में टी–सर्ट, स्कूल ड्रेस, कुर्ती–पजामा इत्यादि का उत्पादन हो रहा है। श्री बब्बन कुमार अपने इकाई में 04 कुशल तथा 08 अर्द्धकुशल श्रमिकों को रोजगार दिये हैं। साथ ही अपने गाँव के युवक/युवतियों को अपने इकाई में प्रशिक्षित कर स्वरोजगार को बढ़ावा देने हेतु प्रेरित कर रहे हैं।